(ख) अब तक कितनी परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सबनूर) : (क) और (ख) संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत 1993-94 से 1996-97 के वर्षों के लिए दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र के माननीय सदस्य श्री अशरफ फातमी के लिए 305 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से 168.68 लाख रुपये खर्च किए जा चुके है एवं 313 योजनाएं पूरी की जा चुकी है ।

शहरी क्षेत्रों में निर्धन तथा धनी लोगों का मूल्यांकन

2606. **श्री राम जेठमलानी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के शहरी क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों तथा अत्यधिक धनी लोगों के संबंध में कोई मूल्यांकन किया है ;

(ख) यदि हां, तो इन दोनों वर्गों के लोगों की संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) प्रत्येक वर्ग की वार्षिक आय का अनुमानित औसत क्या है ; और

(घ) यदि सरकार द्वारा ऐसा कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है, तो इसके क्या कारण है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सबनूर) : (क) नवीनतम अनुमानों के अनुसार, 1993-94 में, प्रतिमाह प्रतिव्यक्ति के 281.35 रुपये के उपभोग व्यय के अर्थ में, 32.36 प्रतिशत शहरी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे रह रही थी । अत्यधिक धनी लोगों की कोई मानक परिभाषा नहीं है । हालांकि 1993-94 के उपभोक्ता व्यय पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में 4.9 प्रतिशत लोगों को 1955 रुपये से अधिक प्रतिमाह के प्रतिमाह प्रति व्यक्ति व्यय के उच्च व्यय कोष्ठक में वर्गीकृत किया गया है ।

(ख) 1993-94 में शहरी क्षेत्रों में गरीबों की संख्या के 76.34 मिलियन होने का अनुमान है । शहरी क्षेत्रों में ही 1955 रुपये से अधिक के प्रतिमाह प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय करने वाले लोगों की संख्या 11.56 मिलियन है ।

(ग) और (घ) प्रश्न पर जानकारी उपलब्ध नहीं है । वर्ष 1993-94 में शहरी क्षेत्रों में, लगभग 62.74 प्रतिशत जनसंख्या का प्रति व्यक्ति उपभोग 492 रुपये प्रतिमाह था ।

विकास हेतु पहचाने गए प्राथमिकता क्षेत्र

2607. **श्री राम जेठमलानी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विकास के प्रयोजनार्थ प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की है ;

(ख) यदि हां, तो वे क्षेत्र कौन से है ; और

(ग) इन प्राथमिक क्षेत्रों का किन कम में अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया गया है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सबनूर) : (क) और (ख) जी, हां । पर्याप्त उत्पादक रोजगार सृजित करने और गरीबी उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जाती है । सुरक्षित पेयजल, बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं, सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा, आवास और सर्वव्यापी सम्पर्क की बुनियादी न्यूनतम सेवाएं भी नौवीं योजना हेतु ध्यान के महत्वपूर्ण क्षेत्र है ।